हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 मई 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 प्रेक्षक देबाशीष दास ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की...



07 बोले कलेक्टर, सामूहिक लक्ष्य को पाने के लिए विश्वास...



## खबर संक्षेप

### दो सेक्टरों क्षेत्रों का विभाजन

**आगर-मालवा।** कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-166, आगर(अजा) के सेक्टर क्रमांक-25 व 29 के मतदान केन्द्रों की दूरी अधिक होने के से दो भाग ए और बी में विभाजित किया है। जारी आदेशानुसार सेक्टर क्रमांक 25 ए पचेटी अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-254,292,291, 290, 289 एवं 25 बी ग्राम नेन्याखेड़ी अहीर अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-262,285, 286, 287, 288 को शामिल किया है। सेक्टर 25-ए के सेक्टर अधिकरी कृषि विस्तार अधिकारी सतीष परमार तथा सेक्टर 25 बी के सेक्टर अधिकारी अंकेक्षण अधिकारी सहकारिता विभाग एलएस ठाकुर को नियुक्त किया है। इसी तरह सेक्टर क्रमांक-29 ए तनोड़िया अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-232, 233, 234, 235,236, 237, 238 तथा सेक्टर क्रमांक- 29-बी रणायरा राठौर अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-239, 240, 241, 242, 243, 246 को शामिल किया है। सेक्टर क्रमांक-29ए तनोड़िया के सेक्टर अधिकारी सहायक जिला प्रबंधक बाहदुर सिंह धारवे तथा सेक्टर क्रमांक- 29बी रणायरा राठौर के सेक्टर अधिकारी नाप तौल अधिकारी दीपशिखा नागले को नियुक्त किया है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**आगर-मालवा।** मतदान करना सबकी जिम्मेदारी है और मतदान तभी सफल है, जब उसमें सभी मतदाताओं की भागीदारी है, यह उद्गार झोनल अधिकारी सह उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने शुक्रवार को ग्राम सांगाखेड़ी एवं बेहका में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। चौरसिया ने उपस्थित ग्रामीण मतदाताओं को मतदान का महत्व बताकर स्वयं मतदान कर, अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे, प्रयास करें: कलेक्टर सिंह

# 'मतदान के अंतिम समय में मतदाताओं को जागरूक करने बीएजी ग्रुप को सक्रिय करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आगर-मालवा

मतदान के अंतिम समय में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विधानसभा क्षेत्र आगर के बीएजी ग्रुप को सक्रिय करें, बीएजी के सदस्य हर एक मतदाता तक पहुंच बनाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें, यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को नोडल अधिकारी व सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर दिये। कलेक्टर ने कहा कि पिछले चुनावों में जिन मतदान केन्द्रों पर मतदान कम हुआ है, वह अंतिम समय में विशेष प्रयास कर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं। सभी सेक्टर अधिकारी अपने-अपने सेक्टर क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें, मतदान दिवस तक सतत स्वीप गतिवधियां संचालित कर मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी मतदान केन्द्रों पर 100 मीटर की परिधि में चूने की मार्किंग की जाए, वेबकास्टिंग हेतु चयनित 228 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था करवाई जाए। मतदान प्रतिशत एप्प सभी पोलिंग





पार्टियों से डाउनलोड़ करवाए जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनीषा कोल, एसडीएम आगर सर्वेश यादव सहित नोडल व सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत निकाली गई रैली



**कानड़।** नगर परिषद कानड़ अंतर्गत स्वीप गतिविधि मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जागरुक रैली निकाली गई रैली। रैली प्रात 10 बजे से नगर परिषद कार्यालय से शुरु हुईं जो की शासकीय हॉस्पिटल रोड होते हुवे आगर सारंगपुर मार्ग से नवीन बस स्टेंड , पुराना बस स्टैंड , दयानंद मार्ग होते हुए निकली गई। रैली मैं निकाय कर्मचारियों, बी एल ओ, आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आम जन को मतदान हेतु प्रेरित किए जाने हेतु नारे लगाए गए। दयानंद मार्ग पर कर्मचारियों द्वारा मतदान शपथ ली गई। मतदान जागरूकता कार्यक्रम मैं निकाय से संदीप बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक, प्रकाश कोरवे स्वीप नोडल, बाबूलाल गुर्जर, राजेश परमार प्रभारी स्वच्छता, तूफान सिंह सोंधिया, गोवर्धन परमार, आनंद कुमार सोनी, बलवंत राव तेजनंकर, साथ ही नगरीय क्षेत्र के समस्त बी एल ओ, एवम आगनवाड़ी कार्यकर्ता, एवम सफाईकर्मी, उपस्थित थे।

## बैसाख मास में दिखा आसाढ़ का नजारा, तेज आंधी के साथ बारिश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कानड़

शुक्रवार को दिन भर मौसम खुला रहने एवं भीषण गर्मी और तेज धूप से तपकर लोग परेशान हो रहे थे वही अपराह्न 4:25 पर अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ और देखते ही देखते हैं आसमान में घने काले बादल छाए और कुछ ही पल में तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई जो लगभग 40 मिनट तक निरंतर जारी रही।तेज बारिश के चलते नगर में सड़कों पर पानी बह निकाल वही नवीन बस स्टैंड क्षेत्र पर पानी भर गया। शुक्रवार का लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में छोटे-बड़े दुकानदारों के तंबू आदि उड़ गए वहीं दयानंद मार्केट स्थित एक चाय की दुकान के पास लगा यूकेलिप्टस के पेड़ की विशाल टहनी गिरकर मार्ग पर आ गिरी इससे कोई हादसा तो नहीं हुआ लेकिन मार्ग अवरुद्ध हो गया और दोनों तरफ वाहनों की कथा लग गई जिस वक्त कहानी गिरकर नीचे टूट कर नीचे गिरी उसे वक्त बारिश होने के कारण लोगों का आना-जाना बंद था नहीं तो कोई घटना भी हो सकती थी इधर अक्षय तृतीया होने पर कई परिवारों में शादी ब्याह का भी आयोजन है वहां भी व्यवधान खड़ा हो गया। इस तरह कुल मिलाकर बैसाख के माह में बारिश से असाड माह का नजारा देखने को मिला। यह पहला अवसर है जब नगर में इस तरह की व्यापक बारिश भीषण गर्मी के मौसम में हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया गर्मी से तपते लोगों को सुकून मिला।



# नपा ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान





**आगर-मालवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा स्वीप गतिविधि के तारतम्य में आम जनता को 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं से मतदान हेतु बोर्ड पर हस्ताक्षर करवाएं। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर स्थापित सेल्फी पाईंट पर मतदाताओं ने मतदान वाली सेल्फी लेकर मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार फुलफकीर, केके श्रीवास्तव, संजीव शर्मा, नीता राठौर, अंशुल चौधरी सहित नपा के कर्मचारी उपस्थित थे ।

# सीएम राइस स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन





**आगर-मालवा।** सीएम राइज शासकीय मॉडल उमावि आगर में 01 मई से 10 मई तक संचालित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया । विद्यालय प्रबंधन द्वारा शासन के निर्देशानुसार विगत 10 दिवस से कक्षा 3 से 12 के बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित किया जा रहा था। कैंप में प्रतिदिन योग, नृत्य, वादन, पारम्परिक खेल एवं घोष जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा था। समर कैंप के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी प्रियंका सक्सेना प्रधानाध्यापक प्रावि के नेतृत्व में संस्था के विकास जैन एवं निर्मला कारपेंटर के मार्गदर्शन में उक्त आयोजन किया गया समर कैंप में योग का प्रशिक्षण सज्जन लाल सोनगरा नृत्य का नंदनी सेनी, वाद्ययंत्र वादन का प्रवीण सोलंकी, घोष का धीरज कुम्भकार, एवं पारम्परिक खेलों का प्रशिक्षण अश्विन सोनी द्वारा प्रदान किया गया। समर कैंप में नृत्य में 40) वादन में 30) घोष में 51 एवं पारम्परिक खेल 28) इसप्रकार कुल 149 बच्चों ने 10 दिनों तक उपरोक्त गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं इन विधाओं में अपने कौशल का विकास किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रार्थना गीत ए मालिक तेरे बन्दे हम की संगीत मय प्रस्तुति से किया गया एवं बच्चों द्वारा पालकों एवं शिक्षको के समक्ष सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन किया गया। संस्था के प्राचार्य संजीव उपाध्याय द्वारा पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप जैसे आयोजनों से बच्चों की अभिरुचि एवं क्षमताओं का आकलन करने तथा उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है जिससे वे भविष्य में अपनी प्रतिभा के अनुसार अपने करियर का चयन आसानी से कर सकें साथ ही पालकों को भी अपने बच्चों के भविष्य का चयन करने में सहायता मिलती है वे अपने बच्चों की प्रतिभाओं के आधार पर उनके आगामी अध्ययन का चयन आसानी से कर सकते है साथ ही समर केम्प में आने से बच्चों का विद्यालय के प्रति जुडाव एवं उनका शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं का भी विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य संजीव उपाध्याय एवं प्रधानाध्यक प्रावि प्रियंका सक्सेना द्वारा समर कैंप में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक विक्रम सिंह पंवार ,अर्जुन सिंह यादव, संतोष मालवीय, नरेन्द्र कुमार कुलमी,विकास जैन,निर्मला कारपेंटर,अश्विन सोनी अंजली गवली एवं राजेश आर्य एवं पालक उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम का आभार संस्था के प्राचार्य उपाध्याय ने माना।

### सेल्फी पॉइंट से सेल्फी लेकर मतदाताओं ने मतदान करने की ली शपथ

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को दिलाई मतदान करने की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| आगर-मालवा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र आगर (संसदीय क्षेत्र देवास-शाजापुर में 13 मई, को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे। विधानसभा क्षेत्र आगर का प्रत्येक मतदाता अपना वोट डालने अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचें इसके लिए ह्यह्य हर एक मतदाता का वोट है जरूरी....को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का बीएलओ द्वारा घर-घर वितरण कर तथा पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसी के साथ मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, दीवार लेखन,हस्ताक्षर कर आदि गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम हड़ाई, सागाखेड़ी, मालवासा, बिनायगा बड़ौद, बहका, जयसिहपुरा, खेरिया, सारंगखेड़ी, सेमली, पालड़ा, सुदवास आदि गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान का आव्हान किया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न



**आगर मालवा।** लोकसभा चुनाव के मतदान की दिनांक नजदीक आते ही कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह मैदान मे ऊतर चुके है। पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े की अध्यक्षता में बुधवार शाम को आगर नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आगे की कार्ययोजना पर रणनीति की गई। बैठक में पूर्व विधायक वानखेड़े, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गुड्डू लाला, आगर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमित अजमेरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भाटिया, नगर अध्यक्ष रइस शेख, एनएसयूआइ राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर, पालिका उपाध्यक्ष अध्यक्ष रऊफ मुल्तानी, पूर्व पार्षद देवेन्द्र वर्मा, पार्षद कमल जाटव, सिरोंज मेव, वरिष्ठ नेता हनुमान दास गुप्ता समेत नगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला और रैली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आगर-मालवा

लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु हर एक मतदाता से मताधिकार का उपयोग करना है, जिला प्रशासन द्वारा सुगम मतदान हेतु मतदान केंद्र पर समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, बीएजी के सदस्यगण अधिक से अधिक मतदान कराने में बूथ लेवल पर अपना सहयोग दें, यह बात गुरुवार को बड़ौद मंडी प्रांगण में आयोजित बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की कार्यशाला में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरन प्रीत कौर, जिला स्वीप नोडल ओ.पी. विजयवर्गीय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जितेंद्र सिंह सेंगर, मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी संध्या संरयम उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वीप नोडल ओ.पी . विजयवर्गीय, द्वारा गत लोकसभा 2019 में विधानसभा आगर(अजा) में हुई 80.10 प्रतिशत से अधिक मतदान लोकसभा चुनाव -2024 में कराए जाने का अनुरोध सदस्यों से किया।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी कौर ने सर्वाधिक मतदान कराने वाले तीन समूह को समारोह पूर्वक सम्मानित कराने की बात कार्यशाला में कहीं। कार्यशाला उपरांत बीएजी के समस्त सदस्यों द्वारा कलेक्टर के नेतृत्व में नगर में एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसमें सदस्यगण हाथों में तख्ती लिए नारे लगाते चल रहे थे। रैली का समापन बस स्टैंड पर हुआ, जहां कलेक्टर द्वारा आम नागरिकों को संबोधित करते हुए नैतिक मतदान की शपथ दिलवाई इस दौरान कलेक्टर द्वारा स्थानीय मतदाताओं को आमंत्रण, पाति भेंट की एवं पीले चावल देकर मतदान हेतु आमंत्रित किया।

## पांच सौ किलो चांदी से होगा सौंदर्यकरण

# चांदी की चमचमाती चकाचौंध से जगमगाएगा मां बगुलामुखी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह व सभा मंडप पर रजत (चांदी) लगाने का कार्य प्रारंभ होगा। इसके निमित्त शुक्रवार को माता मंदिर पर पूजन हवन के कार्य विधि विधान से संपन्न हुए। जिसमे मुख्य पुजारी मंदिर प्रबंध समिति सहित भक्त जन उपस्थित रहे।

मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह व सभा मंडप पर 500 किलो से अधिक की चांदी का कार्य होगा। जिससे कि मंदिर की भव्यता और सुंदरता में और निखार आएगा जो भक्तो को बरबस अपनी ओर आकर्षित करेगा। शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में मंदिर के सौन्दर्यकरण कार्य के लिए विधिपूर्वक पूजा - अर्चना की गई। चांदी के सौन्द्रर्यकरण का कार्य इंदौर के बाबा श्री इंटरप्राइजेज द्वारा किया जाएगा। फर्म के ऑनर महेश शर्मा, दिपिन शर्मा को प्रतीकात्मक रूप से कुछ मात्रा में मंदिर समिति को दानदाताओं से मिली चांदी भी सुपुर्द की गई। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम मिलिंद ढोके , तहसीलदार प्रीति भिंसे, मंदिर के मुख्य पुजारी महंत गोपलदासजी, मनोहरदासजी, भारत, भूपेंद्र,हरिओम,दिनेश गुरु सहित मंदिर के समीप स्थित आश्रम के संत श्री स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज सहित भक्त जन मौजूद रहे। मंदिर पर चांदी लगाने का कार्य करने वाले शिल्पकार महेश शर्मा, दिपिन शर्मा ने बताया कि माता रानी के दरबार का कार्य उनकी टीम के द्वारा किया जाएगा। वही उन्होंने बताया कि मातारानी के दरबार में वास्तु अनुरूप कार्य होगा, इसीलिए यहां की सुंदरता भी देखते ही बनेगी। वास्तु अनुरूप कार्य में 9 अंक को महत्वता दी जाती है। 9 अंक का महत्व इसलिए है कि 9 में नौ देवियां वास करती है और नौ ही ग्रहों का वास होता है। अंक गणित में भी 9 अंक की विशेषता है।








चांदी के कार्य में देवी, देवताओं द्वारा उपयोग में लाने वाले अस्त्रों में त्रिशूल, बाजत, ताल आदि की सजावट की जाएगी, जो भक्तों को बहुत ही सुंदर लगेगा। इसके साथ हिंदुत्व का शुभता देने वाला शुभ-लाभ, सूर्य, त्रिशूल, डमरू आदि चिन्ह मंदिर डिजाइन में किए जाएंगे। मंदिर के सौन्दर्यकरण का कार्य नवरात्रि के पूर्व पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मां बगुलामुखी के दरबार में चांदी का सौन्दर्यकरण का कार्य गर्भगृह के अलावा सभा मंडप में भी होगा। वही समिति अध्यक्ष मिलिंद ढोके ने बताया कि मंदिर परिसर में चांदी का सौन्दर्यकरण कार्य दानदाताओं से मिलने वाली चांदी से शुरू किया गया है ।

खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम में एक कूलर व पलंग भेंट की

**देवास।** मई माह में तेज गर्मी व बढती तपन को देखते हुए वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कूलर और पलंग भेंट किए गए। गुरूवार को वृद्धाश्रम बसेरा में जगदीप पन्नालाल जैन द्वारा वृद्धजनों के उपयोग हेतु एक कूलर एवं एक पलंग भेंट किया गया। वृद्धाश्रम प्रबंधक दिनेश चौधरी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में वृद्ध जनों के उपयोग हेतु कूलर बहुत ही उपयोगी है। इससे वृद्धजन को इस भीषण गर्मी से राहत मिलेगी एवं पलंग की भी उपयोगिता है। इस अवसर पर डॉ. अनुपम जैन (शिशु रोग विशेषज्ञ) एवं अनिल जैन (नेहरू युवा केंद्र) उपस्थित थे।

### रघुवंशी समाज ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**देवास।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के देवास रोड़ शो के दौरान रघुवंशी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय वंदे गौ माता संघ एवं गौ सेवक जीतू रघुवंशी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गौ संरक्षण को लेकर कानून बनाया जाए जिसमें गौ सेवकों पर कोई कार्यवाही न हो तथा गौ सेवकों को एक आई डी बनाकर दी जाए जिससे कि वे पूरे प्रांत में कहीं भी गौ सेवा कर सकें। इस अवसर राजेश सिंह रघुवंशी, दिलीप सिंह रघुवंशी, गोलु रघुवंशी, लोकेश रघुवंशी, भावेश रघुवंशी, गुड्डू रघुवंशी, रामकरण रघुवंशी, राजा रघुवंशी, विपिन रघुवंशी,नितेश रघुवंशी मौजूद थे।

## लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई है

# प्रेक्षक देबाशीष दास ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं में विशेष रूप से पीने के पानी की सुविधा, शौचालय, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग आदि व्यवस्थाएं की जा रही है। चिन्हित मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की जाएगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र खंडवा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक देबाशीष दास (आईएएस) ने संसदीय क्षेत्र खंडवा में निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में की। समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट सहित अन्य नोडल एवं सेक्टर अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक देबाशीष दास (आईएएस) ने कहा कि निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी और सेक्टर अधिकारी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से करें। आदर्श आचरण संहिता का कढ़ाई से पालन कराये, शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गई जानकारी समय पर भेंजे। चेक पोस्टों पर लगातार चैकिंग कार्यवाही जारी रखे। दास ने कहा कि निर्वाचन में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करें। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जा रहे है। आदर्श मतदान केन्द्रों को सुसज्जित कर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं की गई है। मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं में विशेष रूप से पीने के पानी की सुविधा, शौचालय, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग आदि व्यवस्थाएं की जा रही है। चिन्हित मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की जायेगी। गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल एप के माध्यम से मिल रही सभी शिकायतों का त्वरित और समय पर निराकरण किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई जाएगी। निर्वाचन के लिए जिले में चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई है।

## किसानों ने मांग पूरी नहीं होने पर मतदान बहिष्कार करने का लिया निर्णय




### चार गुना मुआवजा नहीं तो वोट नहीं...

**चापडा।** चापड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय राज्य मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही इंदौर बुधनी रेलवे लाइन का भी कार्य चल रहा है। जिस दौरान किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई है। लेकिन किसानों को नियम अनुसार सही मुआवजा राशि नहीं मिली है। आज भी ऐसे कई किसान है, जिनको मुआवजे की राशि नहीं मिल पाई है। रेलवे लाइन में अधिग्रहण की गई भूमि का किसान चार गुना मुआवजे कि मांग कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि लगभग तीन माह तक किसानों ने चापड़ा ,बिजवाड़ चौराहे पर धरना प्रदर्शन भी किया था। लेकिन आदर्श आचार संहिता के चलते धरना प्रदर्शन स्थगित करना पड़ा था। आज तक किसानों की मांग जिम्मेदारों के द्वारा नहीं सुनी गई। इसी के चलते किसानों को चुनाव के बहिष्कार का कदम उठाना पड़ा है। मतदान के तीन दिन पहले शुक्रवार को ग्राम इकलेरा के ग्रामीणों ने आपसी सहमति बनाकर 13 मई को होने वाले मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। सभी ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई माह से शासन प्रशासन के जिम्मेदारों से निवेदन, आवेदन किया जा रहा है, लेकिन किसी ने भी किसानो की मांग की और ध्यान नहीं दिया जिसके कारण मजबूरन किसानों को यह कदम उठाना पढ़ रहा है। मुख्य मार्गो पर बैनर लगा दिए गए हैं। जिसमें लिखा गया है, कि चार गुना मुआवजा नहीं तो वोट नहीं ,नेताओं का गांव में आना मना है। बता दे की जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न होती दिखाई दे रही है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी कुपगांव में ग्रामीण ने मतदान का बहिष्कार किया था, मतदान के दिन प्रशासनिक अधिकारी के आश्वासन के बाद मतदान हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी मुख्य मांग हाईवे मार्ग अधिग्रहण की गई भूमि का सही एवं रेलवे लाइन में अधिग्रहण कि गई भुमि का शासकीय गाइडलाइन से चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग हैं। नेमावर हाटपिपल्या नर्मदा पेयजल योजना से ग्राम इकलेरा को जोड़ा जाए, क्योंकि यह योजना गांव समीप से ही निकल रही है।

# आबकारी विभाग ने वृत्त टोंकखुर्द में कार्रवाई कर 6 प्रकरण किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग के दल ने वृत्त टोंकखुर्द में अलसुबह ग्राम इलियास खेड़ी, ग्राम चौबारा एवं ग्राम देव मुंडला में कार्यवाही की,जिसमें कई चलित भट्टियां पाई गई जिनको नष्ट किया गया तथा हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लाहान बरामद हुआ, लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 110 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 2500 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ । कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए, जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 02 लाख 68000 रूपए है ।कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक डी.पी सिंह, राजकुमारी मंडलोई, विजय कुचेरिया, निधी शर्मा, दिनेश भार्गव,उमेश स्वर्णकार और आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल,राजेश जोशी,गोविन्द बड़ावदिया,दीपक टटवाडे, नितिन सोनी, विकास गौतम, अरविंद जिनवाल,भगत सिंह परते, आशीष गुप्ता,निकिता परमार शामिल थे।

### कलेक्टर ने पटवारी मनोहर बिलावलिया को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पटवारी हल्का नंबर- 99 , अतिरिक्त हल्का नंबर -88 तहसील देवास मनोहर बिलावलिया पिता अंबाराम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया हैं , निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील खातेगांव रहेगा । इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी । निलम्बन की कार्यवाही मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल एवं विशेष पुलिस स्थापना , लोकायुक्त कार्यालय , कोठी पैलेस उज्जैन संभाग उज्जैन द्वारा की गई कार्यवाही पर की गई।

# मतदान के 48 घंटे पूर्व विधानसभा की सीमा छोड़ने के आदेश

**देवास।** जिले में देवास लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए देवास, सोनकच्छ और हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र तथा खण्डवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए देवास जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में आने वाली विधानसभा देवास, सोनकच्छ, हाटपीपल्या और बागली सीमा क्षेत्र अन्तर्गत स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को छोड़कर निर्वाचन प्रचार की कार्यवाही में संलग्न ऐसे सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं हॉटल लॉज-धर्मशालाओं में ठहरे बाहरी व्यक्तियों जो उस विधानसभा क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें निर्वाचन समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व अर्थात 11 मई की सायंकाल 06 बजे से मतदान समाप्ति तक सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र की सीमा छोड़ने के आदेश दिये है। इसके अतिरिक्त आदर्श आचरण संहिता की उक्त अवधि के दौरान प्रचार अभियान जिसमें घर - घर जाकर प्रचार करना , एस.एम.एस. , व्हाट्सप कॉल , लाउड स्पीकरों आदि के माध्यम से भी प्रचार भी प्रतिबंधित रहेंगे।

प्रतिबन्ध भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत, चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विधि एवं व्यवस्था सम्बन्धी ड्यूटी में संलग्न पुलिस कर्मियों पर लागू नही होगा।

अत्यन्त विशेष परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी सन्तुष्ट होने पर किसी आवेदक को इस आदेश के प्रतिबंधों से छूट प्रदान कर सकेंगे । यह प्रतिबन्ध पूर्व में किसी नियम/अधिनियम/आदेश के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों के अतिरिक्त होंगे अर्थात इस आदेश के पूर्व में जारी सभी प्रतिबंधात्मक आदेश भी यथावत लागू रहेंगे। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत दण्डनीय अपराध होगा।

## जहां यज्ञ हवन होता है वह भूमि पवित्र हो जाती है: गोपाल दास महाराज



**देवास।** जहां यज्ञ हवन होता है, वह भूमि पवित्र हो जाती है। वह भूमि प्रेत आत्माओं से मुक्त हो जाती है। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का दिव्य आयोजन जिस भव्यता के साथ संपन्न हुआ है और देवास वासियों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा, यज्ञ नारायण की सेवा करके यज्ञ में यजमान बनकर जो पुण्य लाभ कमाया है वह अतुलनीय है। वास्तव में यज्ञ बहुत ही कठिन परिश्रम से संपन्न होते हैं। आयोजक मंडल के वासुदेव परमार, राहुल हारोडे एवं आयोजन समिति ने समर्पण भाव से इस पुण्यमय कार्य को संपन्न किया वह साधुवाद के पात्र हैं। सच्चा आशीर्वाद सिर पर हाथ रखवाने से नहीं मिलता। किसी का भला करने पर हृदय से जो आशीर्वाद प्राप्त होता है। वही सच्चा आशीर्वाद होता है। यह विचार साकेतवासी गरुड़दास जी महाराज ध्यान योग साधना एवं सेवा न्यास पंचमुखी धाम आगरोद की प्रेरणा मे मालीपुरा मैं श्री कृष्ण गोपालदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति के दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा संत महात्माओ के सम्मान अवसर पर व्यक्त किए। मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में श्री कृष्ण गोपाल दास जी महाराज, काशी से पधारे रघुनाथ दास जी, विजय दास जी, चित्रकूट के रवी लोचन दास जी, भुवनेश्वर दास जी, पंचमुखी धाम से स्वामी दामोदरानंदजी, सुखराम दास जी सहित यज्ञमण्डप में उपस्थित संत महात्माओं एवं आयोजक मंडल के वासुदेव परमार, राहुल हरोडे का मां की चुनरी ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर पुष्पमालाओं से आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति के समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, नारायण व्यास, नरेंद्र मिश्रा, बीड़ी रावल, दिनेश सांवलिया, इंदर सिंह गौड़, सत्यनारायण पांचाल, कैलाश परमार, उम्मेदसिंह राठौड़, प्रदीप लाठी, राधेश्याम बोडाना, राधेश्याम पडियार सहित धर्म प्रेमी उपस्थित थे यह जानकारी रामेश्वर जलोदिया ने दी।

## नन्हें बच्चों ने निकाली मतदान के प्रति जागरूकता रैली



**देवास।** ड्रीम इंडिया स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा लोकसभा मतदान के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल के बच्चों ने एक छोटा सा प्रयास किया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक एवं बीएलओ मेडम ज्योति सोलंकी ने जागरूकता रैली की रूपरेखा तैयार कर सहभागिता की। रैली राजाराम नगर स्थित स्कूल से प्रारंभ होकर विजयनगर, मुखर्जी नगर, राजाराम नगर होते हुए पुनः स्कूल पहुंची। बच्चों ने घर-घर जाकर मतदान के लिए नारों द्वारा आग्रह किया। मतदान के लिए प्रेरित किया। आभार प्राचार्य नमन चतुर्वेदी ने माना।

## मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए किया जा रहा आमंत्रित

# चलें बूथ की ओर अभियान के तहत गतिविधियां की जा रही है संचालित, मतदाताओं के लिए बनाए गए सेल्फी पाइंट




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा निर्वाचन 13 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में कई नवाचारों से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत "चलें बूथ की ओर अभियान" में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी परियोजनाओं में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं, समूह की महिलाओं एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता मतदान करने के लिए प्राप्त पर्ची के साथ ईपिक कार्ड अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग करके मतदान कर सकेंगे। केवल मतदाता पर्ची से मतदान की सुविधा नहीं मिलेगी। मतदाता पर्ची से मतदाता को सरल क्रमांक की जानकारी प्राप्त होगी। इनमें से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर आपको अपने मत का प्रयोग करने से कोई भी नहीं रोक सकता है, तो आओ हम सब मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र को बनाने के लिए सभी मतदान करें।



### मतदाताओं के लिए बनाए गए सेल्फी पाइंट

लोकसभा निर्वाचन 13 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

"चलें बूथ की ओर अभियान"अंतर्गत नगर परिषद करनावद द्वारा सेल्फी पाइंट बनाए गए हैं। इन सेल्फी पाइंट पर सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिनांक 13 मई के होने वाले निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें।

# खेतों पर जाकर मजदूरों को दिला रहे हैं मतदान की शपथ



**देवास।** लोकसभा चुनाव का दौर अपने अंतिम चरण में हैं। मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम में तेजी लाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान का कार्य तो कर ही रहे है। वहीं अब सभी ने मिलकर एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। जिसके अंतर्गत खेतों पर प्याज का काम करने वाली महिला मजदूरों से भी संपर्क करके एक दिन की छुट्टी रखकर 100 प्रतिशत मतदान का आग्रह कर उनको मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई जा रही है। इस अवसर पर एमएसडब्ल्यू छात्र कुलदीप, विजयपाल, नवीन मतदाता लक्कीराज, मोनू बना, कालू चौधरी उपस्थित थे। उक्त जानकारी परामर्शदाता केपी सिंह राजपूत शिवगढ़ ब्लॉक देवास ने दी।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महिला आईटीआई में प्रवेश 20 मई तक होंगे

**सीहोर।** डॉ. आंबेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीवीटी के हिन्दी स्टेनो, कोपा, फैशन डिजाइन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैके, ड्राफ्ट्समैन सिविल पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश 1 मई से हो रहे हैं। इन प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई है। शासकीय महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। दसवीं पास सभी श्रेणी की महिला आवेदक व अन्य आवेदक प्रवेश के लिए विभाग के पोर्टल पोर्टल https://mpiti-counsling.co.in या www.dsd.mp.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में प्रवेश हेतु प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये संस्था में जाकर प्रवेश हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं।

### कव्वाल सरफराज चिश्ती का स्वागत

**सीहोर।** मोहब्बत से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता है, देश प्रेम से बढ़कर जग में कोई दूसरा धर्म नहीं है, इसलिए राष्ट्र को पहले समझो। उक्त विचार शहर के मैन रोड स्थित कार्यालय में देश के मशहूद कव्वाल सरफराज चिश्ती ने कहे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के नेतृत्व में चिश्ती का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। मशहूर कव्वाल हजरत दूल्हा बादशाह रहमतुल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर आयोजित हिन्दू मुस्लिम एकता उर्स मेला कमेटी ने कार्यक्रम में आए हुए है। उर्स कॉमेटी महासचिव नौशाद खान ने बताया कि बीते 55 सालों से राय परिवार के द्वारा दरगाह पर चादर चढ़ाई जा रही है यहां परंपरा सेठ गेंदालाल राय के द्वारा शुरू की गई थी उनके पुत्रों के द्वारा इस परंपरा को पूरा किया जा रहा है।

### लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए आष्टा में हुई बीएजी कार्यशाला

# बोले कलेक्टर, सामूहिक लक्ष्य को पाने के लिए विश्वास और टीम वर्क जरूरी





लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर ने मैदानी अमले को किया प्रेरित। बूथ अवेयरनेस ग्रुप कार्यशाला में 3000 से अधिक ग्रामीण अमला शामिल हुआ। गत विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें हुई पुरस्कृत, कलेक्टर ने किया सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर

जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए आष्टा में बूथ अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने उपस्थित ग्रामीण अमले को आधिक से अधिक मतदान कराकर सीहोर जिले को प्रदेश में नम्बर वन जिला बनाने के लिए प्रेरित किया।

### तीन प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

कार्यशाला में 3000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियां, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, पटवारी तथा शिक्षक शामिल हुये। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बीएजी ग्रुप के सदस्यों को संबंधित करते हुए कहा कि तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में प्रदेश के बाकी जिलों का वोट प्रतिशत कम हो रहा था। तब सीहोर जिले की तीन विधानसभाओं के लिए हुए मतदान में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मतदान में तीन प्रतिशत की यह बढ़ोतरी तभी संभव हो पाई जब आप सभी ने अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग करते हुए पूरी उर्जा के साथ एक टीम के रूप में काम किया। इसके लिए पूरे जिले की टीम बधाई की पात्र है।

### प्रदेश के पांच जिलों में शामिल हुआ सीहोर

उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में आपकी ऊर्जा, लगन और अथक परिश्रम के कारण ही सीहोर जिला 84.4 मतदान प्रतिशत के साथ प्रदेश के अग्रणी पांच जिलों में शामिल रहा। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले की टीम किसी से कम नहीं है, यह कई मौकों पर साबित करके दिखाया है और पूरे प्रदेश में सीहोर जिले की अलग पहचान बनाई है।

### जिले ने बनाई अलग छवि

उन्होंने कहा कि चाहे जिले के स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने की बात हो या स्कूलों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बोर्ड परीक्षा के परिणाम हो, या सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की बात हो, या फिर स्वच्छता रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात हो, कई क्षेत्रों में सीहोर जिले ने प्रदेश में एक अलग छवि बनाई है। यह सब सफलाताएं सीहोर जिले की टीम के संयुक्त प्रयासों से ही संभव हुआ है।

### लक्ष्य पाने टीम वर्क जरूरी

कलेक्टर सिंह कहा किसी भी बड़े सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मन में विश्वास और टीम वर्क पहली जरूरत है। उन्होने कहा कि विश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है, जो कठिन परिश्रम की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में आगामी 13 मई को देवास संसदीय क्षेत्र की आष्टा विधानसभा के लिए मतदान होना है। लोकसभा चुनाव में सीहोर जिले को प्रदेश में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि आपकी कार्यक्षमता, सकारात्मक ऊर्जा, और विश्वास को देखते हुए निश्चित ही हम सीहोर जिले को नम्बर बनाएगें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सीहोर को नम्बर वन बनाने के लिए हमने तीन विधान सभाओं में अधिक से अधिक मतदान की रेस जीत ली है। अब इस रेस को सफलता की सीढ़ी तक पहुंचाने की बारी आष्टा विधानसभा की है।

### उत्साह और उर्जा से जीतेंगे रेस

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है आप इस रेस को पूरे उत्साह और उर्जा के साथ जीतेंगे। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, जीआरएस, पटवारी, कोटवार तथा स्व साहायता समूह की महिलओं को अपनी कई जिलों में पदस्थापना के दौरान अनेक क्षेत्रों में मिली अभूतपूर्व सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि यह तभी संभाव हुआ, जब वहाँ आप जैसे ही सकारात्मक और उर्जावान लोगों ने टीम भावना के साथ काम किया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत विधानसभा चुनाव में आष्टा विधानसभा के ग्राम पंचायत लसुड़िया सूखा, बगडावदा, गुराड़िया रूपचंद, अमरपुरा तथा दुपाड़िया में सर्वाधिक मतदान कराने वाली की टीम को सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आष्टा एसडीएम स्वाती मिश्रा तथा जनपद सीईओ अमित व्यास सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर की सड़कों पर जगह जगह हो रहे बड़े-बड़े गड्ढे

### गड्ढे में फंसी बस, यात्री घबराए



**आष्टा।** नई सब्जी मंडी के पास सड़क पर हो रहे गड्ढे में फंसी यात्री बस।

हरिभूमि न्यूज ⏩ आष्टा

नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय नई सब्जी मंडी के पास सड़क पर बुधवार को एक बस इस गड्ढे में फंस गई। किसी भी दिन गड्ढे में फंस बड़ा हादसा हो सकता है। एक प्राइवेट बस शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय के पास नई सब्जी मंडी वाले मार्ग से जा रही थी, जैसे ही बस इस गड्ढे में फंसी तो बस में बैठे लोग घबरा गए।

### कई वार्डों में भी गड्ढे

शहर के कई वार्डों में भी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इधर आधा दर्जन से अधिक वार्डों में चेंबर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा कि जहां भी जिस मार्ग पर गड्ढे हैं, उन्हें जल्दी ठीक कराया जाएगा। साथ ही चेंबरों की भी मरम्मत कराई जाएगी।

## रखरखाव के बाद भी रोज गुल हो रही है बिजली

**जावर।** बिजली विभाग नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है लेकिन हकीकत कुछ और है बिजली कटौती से परेशान नगर के लोगों को गर्मी के समय और भी दिक्कत होती है नगर में इन दिनों घंटों बिजली की कटौती की जा रही है। जरा सी हवा आंधी वाह वर्षा होते ही बिजली गुल कर दी जाती है बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है ऐसे में लोगों को अघोषित कटौती से जूझना पड़ रहा है इसके अलावा अनेक स्थानों पर फाल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप एक ग्रुप में कटौती की सूचना दिन में कई बार देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बढ़ती जा रही है पिछले 1 सप्ताह से हवा आंधी के चलते हैं कि हकीमाबाद से जावर, कजलास आई बिजली की 33 केवी लाइन कभी फाल्ट होना तो कभी ट्रांसफार्मर जलना और तो और झूलते तार के फाल्ट होने के कारण विद्युत कर्मचारी द्वारा जावर, कजलास नगर सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बार-बार बंद करना आम बात हो गई है दिन पर दिन रात में भी कई बार बिजली का आना जाना लगा रहता है उमस के कारण लोग बहुत परेशान हैं वहीं बिजली के बार बार चले जाने के कारण लोग घरों के बाहर देर रात में बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं और बिजली कर्मचारी को कोसते नजर आते हैं।

# आष्टा में सीएम ने किया रोड शो: जनसभा में बोले पीएम मोदी ने जो कहा, उन वादों को पूरा भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को आष्टा के दौरे पर रहे। शाम पांच बजे उनको आष्टा पहुंचना था, लेकिन उज्जैन, सोनकच्छ में हुई सभा में शामिल होने से वह 4 घंटा 35 मिनट देरी से रात 9 बजकर 35 मिनट पर नगर में पहुंचे। इसके बाद पुराना बस स्टैंड से उनका रोड शो शुरू हुआ जो सिविल अस्पताल से होकर बुधवारा, बड़ा बाजार में सभा में तब्दील हुआ। देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में हुई सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। करीब 10 मिनट की हुई सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में कहा था कि 300 पार होंगे तो 300 पार हुए, अब 400 सीट पार का कह रहे तो 400 पार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा, वह वादा पूरा किया, मोदी की पूरी गारंटी है। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल मौजूद थे। मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान पुराना बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, परदेसी पुरा, बुधवारा, खत्री मार्केट, नजरगंज सहित अनेक स्थानों पर मंच बनाकर युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और भाजपा के अनेक संगठनों ने सीएम का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 10 मिनट के भाषण के बाद जैसे ही 10 बजे,आचार संहिता के तहत माइक बंद हो गया। उसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से भोपाल निकल गए।

# आष्टा विधानसभा में 693 मतदाताओं ने घर से किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर




देवास संसदीय क्षेत्र के आष्टा विधानसभा में 693 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। आष्टा में 708 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया था जिसमें हुई होम वोटिंग में 693 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। मतदान के लिए शेष 15 मतदाताओं में 7 मतदाता अनुपस्थित रहे तथा 8 मतदाताओं की मृत्यु हो गई। आष्टा विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक आयु के 576 मतदाताओं में 562 मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार 132 दिव्यांग मतदाताओं में 131 मतदाताओं ने घर से मतदान किया।

# कलेक्टर ने आष्टा के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों और चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, एसडीएम स्वाति मिश्रा तथा जनपद सीईओ अमित व्यास भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आष्टा विधानसभा के ग्राम बीलपान, मेहतवाड़ा, सहित अनेक मतदान केन्द्रों एवं आष्टा में चल रहे मतदान प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टेंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा बीएलओ से संबंधित मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या गत मतदान के प्रतिशत तथा स्वीप गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान कहा कि निर्वाचन कार्य में सबसे बड़ी भूमिका मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी की होती है। मतदान सम्पन्न कराने वाले अधिकारी कर्मचारी जितनी गम्भीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उतनी सरलता और सुगमता के साथ बिना किसी व्यवधान के निर्वाचन सम्पन्न कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीयू, बीयू और वीवीपैट का प्रशिक्षण पूरी रुचि और जिज्ञासा के साथ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में पूरी जानकारी होना चाहिए।

वे ईवीएम व वीवीपैट के बारे में अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तथा सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर सिंह ने सेक्टर अधिकारियों को संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा असामाजिक एवं अवांछित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आगमन एवं उनकी गतिविधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने एफएसटी तथा एसएसटी दलों को निरंतर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान कर सके इसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत की जाएं। मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का कढ़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों और अपने सेक्टर का सतत भ्रमण करें तथा शासकीय सम्पत्ति को विरूपित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक स्वयं भी आदर्श आचार संहित का पालन करें। मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट बहुमूल्य है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। मतदाताओं से आगामी 13 मई को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने की अपील की है।

### दिगंबर जैन समाज ने बिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव मनाया

# पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक कर की गई शांति धारा

हरिभूमि न्यूज ⏩ जावर



दिगंबर जैन मंदिर मेहतवाडा में जिन बिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव की आठवीं वर्षगांठ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम चिंतामणि मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान के अभिषेक की बोली का सौभाग्य प्रमोद कुमार जैन, संजय जैन, दीपक जैन, आमोद जैन ,शरद जैन, अरिहंत जैन, सिद्धार्थ जैन ,आयुष जैन ,दिव्यांश जैन ,अंजनैया जैन को प्राप्त हुआ।

सुरेंद्र कुमार जैन ,सोहित कुमार जैन, सक्षमजैन ,प्रशम जैन को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं सतीश कुमार जैन, अर्पित जैन, सोमू जैन, सुहागमाल जैन, पवन कुमार, मनीष जैन ,अनमोल जैन, आशीष जैन, जैन परिवार को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। सकल दिगंबर जैन समाज जन कि उपस्थिति में चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान पर अभिषेक कर एवं शांति धारा करके पुनर्जन किया आपके पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना करते हुए दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष अमोद कुमार जैन ने बताया कि नेवज नदी के तट पर देवांचल पर्वत एवं पुष्पगिरी के समीप इंदौर भोपाल के मध्य में स्थित दिगंबर जैन मंदिर का प्राचीन इतिहास रहा है। यहां पर देवांचल पर्वत से भोपाल झरनों के मंदिर में लगभग 7 फीट ऊंची प्रतिमा ले जाकर विराजित की गई है। देवांचल पर्वत पर आज भी जैन मंदिर एवं प्रतिमाओं के अवशेष दर्शन हेतु प्राप्त होते हैं। उन्हीं प्राचीन धरोहर एवं अतिशेष चमत्कार से हमारे मंदिर सुशोभित होते रहते हैं यहां पर दिगंबर संतो का आना-जाना भी रहता है। संतो के आहार विहार एवं निहार करने का सौभाग्य भी समाज जन को प्राप्त होता है उनका आशीर्वाद हम पर बना रहे। पार्श्वनाथ भगवान का आशीर्वाद सभी समाजजन व ग्रामवासी को प्राप्त होता रहता है। कई वर्षों पहले आचार्य विजय सागर, विमल सागर महाराज द्वारा मंदिर निर्माण करवाया गया था। तत्पश्चात आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। अब विशाल धर्मशाला का निर्माण प्रगति पर है। इन्ही मंगल भावनाओं के साथ उपाध्यक्ष सुनील कुमार जैन, सवाईमल जैन, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन, प्रमोद कुमार जैन ,महामंत्री विमल कुमार जैन एवं प्रवक्ता रूपचंद जैन, दिगंबर जैन कमेटी द्वारा सभी का आभार माना गया।

# 43.2 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान: बंगाल की खाड़ी के चक्रवात के कारण फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज



**सीहोर।** नगर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान में कल की तुलना में लगभग एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस गिरा है। जिले में बीते 12 घंटे के दौरान 8.5 एमएम बारिश भी रिकॉर्ड की गई है।

मई माह के दौरान पहली बार बीते 24 घंटे के दौरान मौसम के दो रंग देखने को मिले हैं। दिन में जहां भीषण गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया है। वहीं शाम के समय कल अचानक मौसम बदला था और तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई थी। लेकिन आज फिर सुबह से ही भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से चक्रवात के कारण नामी आ रही है, जिसके कारण एक-दो दिन शाम के समय हल्की बारिश हो सकती है। दिन में तापमान अधिक होने के कारण लो प्रेशर जॉन शाम के समय ही बनता है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान। ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, गर्मियों में रखें अपना ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान, धूप और अधिक तापमान की वजह से होने वाली सामान्य परेशानियां जेसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना, धड़कन तेज होना, घबराहट, लू से बचें गर्मियों में बाहर घूमने जाएं तो अपना विशेष ध्यान रखें, पीने का पानी,जुस साथ रखें और हाइड्रेटेड रहें, पतले, ढीले सूती वस्त्र पहनें, अपने सिर को छाते, टोपी तौलिया आदि से ढक लें, ताकि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके।

## निरीक्षण में नदारत मिले शिक्षकों पर कार्रवाई के दिए थे निर्देश

# डीईओ ऑफिस में दबी कलेक्टर के तल्ख निर्देशों की फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




करीब सवा माह पहले कलेक्टर एवं सर्व शिक्षा अभियान के अध्यक्ष हर्ष दीक्षित ने चुनावी व्यस्तता के बीच तंवरवाड़ के कुछ स्कूलों का निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में 8 शिक्षक नदारत मिले थे, वहीं कुछ स्कूलों में बच्चों की संख्या नगण्य जैसी पाई गई थी।

दीक्षित ने उस समय डीईओ देवेंद्र रघुवंशी एवं डीपीसी आरके यादव को सभी लापरवाहों पर डीई (डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी) के तल्ख निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के बाद जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से सभी लापरवाहों को सात दिवस में उक्त लापरवाही के संबंध में जवाब देने कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। करीब 25 दिन पहले डीईओ रघुवंशी ने इन शोकाज नोटिसों को लेकर कहा था कि जवाब आने पर कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजकर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### चुनावी व्यस्तता में सब गोलमोल

उक्त फाइल अब चुनावी व्यस्तता का हवाला देकर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में ही दबकर रह गई है। अधिकतर देखने में आया है कि जिलाधीश की व्यस्तता का लाभ उठाकर कुछ कार्यालयों के लिपिक फाइलों को दबाकर बैठ जाया करते हैं। इस फाइल को डीईओ ऑफिस में किसने दबाया हुआ है यह जिलाधीश ही अब संज्ञान लेकर बता पाएंगे।

### इन स्कूल शिक्षकों पर होनी थी कार्रवाई

कलेक्टर दीक्षित ने जब करीब सवा माह पहले निरीक्षण किया था, तब 15 शिक्षकों को नोटिस देकर जवाब उपरान्त कार्रवाई हेतु तल्ख निर्देश दिए थे। इन शिक्षकों में सरिता अडसुले मावि ढंढ, मीनाक्षी चौरसिया ढंढ, मुकेश विजयवर्गीय एकीकृत कलीखेड़ा, श्रृद्धा सक्सेना कलीखेड़ा, बनवारी राठौर कलीखेड़ा, मुश्ताक खान, भोजराज, बद्रीलाल यादव, शिवप्रसाद पंवार लहरचा, महेंद्र सिंह हाड़ा एवं रामकिशन तंवर एकीकृत मावि शाला हिरनखेड़ा, योगेश गोयल, शाहिद प्रहरी, डीपी पिपलोटिया, बनेसिंह भील उमावि कालीपीठ शामिल थे।

कुछ राजनैतिक कारणों एवं कुछ डीईओ कार्यालय की प्रशासनिक अनदेखी के चलते यह कार्रवाई फाइलों में दबकर रह गई है।

### इनका कहना है...

तीन दिन की छुट्टियां हैं। उसके बाद 13 मई को मैं स्वयं जाकर कलेक्टर साहब के सम्मुख फाइल प्रस्तुत करूंगा। अंतिम निर्णय उन्हीं को लेना है कि क्या कार्रवाई प्रस्तावित की जाए।

**- देवेंद्र रघुवंशी**, जिला शिक्षाधिकारी, राजगढ़

# दुकान खुलते ही चौड़ी सड़कें अतिक्रमण से हो जाती हैं संकरी

## भेरू दरवाजा सड़क की दोनों और दुकानदारों ने जमाया कब्जा



**हर दिन लगता है जाम, नागरिक परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की सड़कों पर अतिक्रमण होने से प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। शहर के अंदरुनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। बाकी की कसर दो पहिया वाहन चालक पूरी कर देते हैं। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती हैं। दोनों तरफ के दुकानदार सड़कों को ही शोरुम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

### इन स्थानों पर परेशानी

नगर के मुख्य भेरू दरवाजा बाजार में सुबह से लेकर देर रात यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान है। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में अटेंशन चौराहा, जोशी दवाखाना जाने वाले मार्ग से गुजरने से लोग अब कतराने लगे हैं। क्योंकि इन पर मार्गों पर दिन भर जाम लगता है। जबकि इन मार्गों पर होटल, किराना, स्टेशनरी, स्कूल सामग्री, कपड़ा सहित अन्य जरुरी सामानों की दुकानें हैं। दुकानदारों में गहमा-गहमी बनी रहती है। इसी बीच यदि कोई चार पहिया वाहन या हाथ ठेला मार्ग पर आ जाता है तो यातायात ठप हो जाता है। यह स्थिति दिन में कई बार बन जाती है। शहर के मुख्य बाजार में जब ग्राहक को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिलती है तो वे नगर की संकरी गलियों में ही वाहनों को रखकर खरीदी करने चले जाते हैं। ऐसे में छोटी-छोटी गलियों में भी घंटो जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के दौरान प्रेशर हार्न का इस्तेमाल भी खूब होता है।

### प्रशासन नहीं करता कार्रवाई

अटेंशन चौराहा, जोशी दवाखाना रोड, भेरू दरवाजा रोड सहित पेट्रोल पंप पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रख का बेजा कब्जा कर लिया गया है। फलस्वरुप दिन में अनेकों बार जाम के हालात बनते हैं। एक तो दुकानदारों का सड़क के आधे हिस्से पर सामन रखकर कब्जा कर लेने दूजा खरीदारी करने बाजार आने वाले नागरिकों के द्वारा वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देने से पैदल राहगीरों को परेशान होती है। लेकिन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। जिससे नागरिकों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर की सामाजिक संस्था ने प्रशासन से आग्रह किया है कि यातायात व्यवस्था की जाए, ताकि यातायात व्यवस्थित हो सके।

### कार्रवाई की जाएगी

भेरू दरवाजा रोड की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जल्द नपा द्वारा अतिक्रमण करने वालों पर सामान जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

**लालसिंह डोडिया,** नपा सीएमओ सारंगपुर

# जल, बिजली संकटः नपा और बिजली कंपनी की खींचतान में परेशान हो रहे हैं शहरवासी

## सुबह-सुबह कटौती ने बनाई आधे शहर में भीषण जलसंकट की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



भीषण गर्मी के बीच शहरवासी जलसंकट से जूझ रहे हैं। उसी में नगरपालिका और बिजली कंपनी में समन्जस नहीं होने का खामियाजा भी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार को शहर के अधिकांश हिस्से में सुबह-सुबह 7 बजे बिजली गुल हो गई। जिसके बाद लोग पानी भरने के लिए तरसते रहे। जब आधे पौन घंटे बाद बिजली आई तब तक नलों से पानी जा चुका था। ऐसे में शहर की घोसीपुरा,दुर्गा कॉलोनी, कर्नलगंज, कोल्हूपुरा, हाट रोड, पुरानी मंडी, सिसौदिया कॉलोनी, गढ़ा कॉलोनी सहित शहर के बड़े हिस्से में जलसंकट खड़ा हो गया। इसके पूर्व भी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सुबह-सुबह बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को परेशान कर डाला। दरअसल भीषण गर्मी के साथ ही शहर में जलसंकट भी गहराने लगा है। नपा द्वारा सुबह-सुबह 30 से 40 मिनट के लिए ही जलापूर्ति की जा रही है।

## माल्यार्पण कर आतिशबाजी की

# महाराणा प्रताप उत्सव समिति ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महाराणा प्रताप उत्सव समिति के तत्वावधान में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। बस स्टैंड के पास स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सभी समाज जनों ने माल्यार्पण कर आतिशबाजी की। साथ ही महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का सभी युवाओं ने संकल्प लिया। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से महाराणा प्रताप उत्सव समिति के सभी सदस्य व व राजपूत समाज के अन्य समाज जन उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने चोरों को पेड़ से बांधकर पीटा

## कई जिलों में चारी की घटनाएं कर चुके थे यह शातिर चोर

**ब्यावरा।** ब्यावरा के निवानिया गांव में चोरों को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर पीटा। मंगलवार-बुधवार रात दो चोर गांव में घुसे जो ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। इसके बाद चारों को पेड़ से बांधकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया। मामला ब्यावरा के निवानिया का है जहां पर मवेशी चोरी करने की कोशिश मे बाड़े के ताले चटकाते हुए चार लोग चोरी करते दिखें। जिनकी घेराबंदी कर ग्रामीणों ने एक चोर को दबोच लिया। इसी बीच पकड़ाए हुए चोर के फोन की घंटी बजने पर सतर्क ग्रामीणों ने दूसरी तरफ से लोडिंग वाहन लेकर पहुंचे सहयोगी चोर को भी पकड़ लिया और दोनों को रस्सी से बांधकर जमकर पीटा। जिन्हें बुधवार को सुबह पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया की दोनों आरोपी मनोहर थाना के रहने वाले हैं। एक रतनलाल भील निवासी गांव मोगियाबे थाना दांगीपुरा और दूसरा बिलाल खां पिता गफूर खां गांव गोड़िया थाना कामखेड़ा का रहने वाला है।

## दीवार गिरने से घायल महिला की मौत

**गुना।** जिले के म्याना के छपरा मोहल्ला में गत दिवस एक दीवार भरभराकर गिर जाने के कारण इसके नीचे दो महिलाओं के गंभीर रूप से घायल हो जाने और फिर इलाज के दौरान इनमें से एक की मृत्यु हो जाने का समाचार है।

असल में मामला यह है कि छपरा मोहल्ला में रहने वाली मालती बाई पत्नी गोपाल कुशवाह 40 वर्ष व गजरी बाई 60 वर्ष एक कच्चा घर बना रही थी, जिसकी दीवार में पानी भर गया था और इसी कारण गत दिवस अपरांह में काम करते समय यही दीवार इन दोनों के ऊपर भरभराकर गिर गई। जिसमें दब जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार के दौरान बीती शाम 60 वर्षीय गजरी बाई की मृत्यु हो गई, जिसका शव सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है, जबकि दीवार गिर जाने से घायल मालती बाई जिला चिकित्सालय में उपचाररत है।

# जैविक खेती करने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं दिलीप

## डीडी किसान चैनल पर पहुंचकर किया किसानों को जागरुक करने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा



दूरदर्शन मध्य प्रदेश के प्रश्न पहर कार्यक्रम में विगत दिवस मेहमान रहे राजगढ़ जिले की तहसील नरसिंहगढ़ के ग्राम रोसला जागीर निवासी जैविक खेती किसान दिलीप सिंह राजपूत, विष्णू राजपूत कांसरोद निवासी ने जैविक खेती के माध्यम से अच्छी और उन्नत जेविक खेती कर रहे हैं।

इन्होंने दूरदर्शन के माध्यम से जैविक खेती के डाक्टर और विशेषज्ञों से सवाल जवाब किए। इसके पहले भी जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 19 अगस्त 2014 में किसान दिलीप सिंह जादम रोसला जागीर को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश से प्रशस्ति पत्र वा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। और जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गुजरात में दिलीप सिंह राजपूत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 51 हजार रूपए वा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जैविक खेती के गिनाए फायदे

जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों तथा खरपतवारनाशियों के स्थान पर जीवांश खाद पोषक तत्वों (गोबर की खाद कम्पोस्ट, हरी खाद, जीवणु कल्चर, जैविक खाद आदि) जैव नाशियों (बायो-पैस्टीसाईड) व बायो एजैन्ट जैसे काईसोपा आदि का उपयोग किया जाता है, जिससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता तथा कृषि लागत घटने व उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ने से कृषक को अधिक लाभ भी मिलता है। जैविक खेती वह सदाबहार कृषि पद्धति है, जो पर्यावरण जल व वायु की शुद्धता, भूमि का प्राकृतिक स्वरूप बनाने वाली, जल धारण क्षमता बढ़ाने वाली, धैर्यशील कृत संकल्पित होते हुए रसायनों का उपयोग आवश्यकता अनुसार कम से कम करते हुए कृषक को कम लागत से दीर्घकालीन स्थिर व अच्छी गुणवत्ता वाली पारम्परिक पद्धति लें।


# बीएमओ ने अस्पताल की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए आयोजित की बैठक

**जीरापुर।** स्थानीय सिविल अस्पताल में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं सुदृढ़ रूप देने के लिए चर्चा की गई। जहां उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि अस्पताल में जो विगत समय से अव्यवस्थाओं का दौर चल रहा है उन बिंदुओं पर चिंतन करते हुए व्यवस्थाओं को सुधारा जाए। वैसे मरीज को थोड़ा सा विश्वास मिल जाता है तो लगता है कि मरीज आधी बीमारी से आराम मिल सकता है यह भी सुझाव दिया कि व्यवहार कुशलता का परिचय सभी दें, ताकि बेवजह होने वाली अव्यवस्थाओं से बच सकते हैं। नव पदस्थ बीएमओ डॉ सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि यह अस्पताल आपका और हमारा है हम सब मिलकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ कैसे मिले ऐसे प्रयास करेंगे। मैंने अभी चार्ज लिया है परंतु यहां पर व्यवस्थाएं अस्त व्यस्त हैं उनको समझनें में भी थोड़ा समय लगेगा पर अच्छे-से अच्छा करेंगे।

अस्पताल में हो रही अनियमितताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि चार्ज लिया है। अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू करेंगे। इसके लिए नगर के नागरिकों मरीज के परिजनों का सहयोग मिलेगा। तथा बताया कि प्रसुता महिला को रेफर कि वजह क्या है रजिस्टर में नियमित इंट्री की जा रही जिससे रेफर पर कंट्रोल हो रहा है ऐसा प्रयास किया है। योजना बनाकर सभी स्टाफ को अपने अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने के लिए भी कहा तथा स्टाफ हमारा सहयोग करेगा।

## विभिन्न किस्मों के पौधों का किया रोपण

# प्रकृति प्रेमी ऐसे भी करते हैं फूट चुके मटकों का सदुपयोग



**राजगढ़।** गर्मी की तपन से बचने जहां कोई भी मटका अपने शीतल जल से सूखे कंठों की प्यास बुझाता है। वहीं फूटने के बाद भी इन मटकों का सदुपयोग किया जा सकता है। इन दिनों कुछ प्रकृति प्रेमी यहां-वहां फूटे पड़े मटकों को गमलों की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इन गमलों में विभिन्न किस्मों के पौधों आदि का रोपण उनके द्वारा किया जा रहा है। इससे जहां अनुपयोगी सामान उपयोग में आ रहा है वहीं पर्यावरण संतुलन का मैसेज भी आने वाली पीढ़ी को दिया जा रहा है। कभी उजाड़ पड़ी पथरीली जमीन पर आज अनेकों किस्म के औषधीय, डेकोरेटिव पौधे लहलहा रहे हैं। इन पौधों में कबीट, अमलतास, बेलपत्र, चंपा, चमेली व विभिन्न औषधीय गुणों वाले अनेकों पौधे शामिल हैं। पौधों को पानी देने पानी की व्यवस्था नहीं थी तो घर से कई बार बाल्टियों में पानी भर-भरकर राकेष ठाकुर ने पौधों को उछारा है। बाद में समीप में पानी की टंकी निर्मित होने पर अब पाइप से पानी देना शुरू किया।

# पारायण समिति के ताले में बंद हैं दान में मिले दोनों वाटर कूलर

## पारायण चौक में श्रीमद भागवत कथा शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कोई भी व्यक्ति इसलिए दान करता है, ताकि उस वस्तु का सदुपयोग आमजनों के हित में हो सके। इसी उद्धेष्य एवं सोच के साथ कुछ समय पहले नगर के दो प्रबुद्धजनों ने नगर की धार्मिक संस्था गीता मानस प्रचार समिति को दो वाटर कूलर दान में दिए थे।

दोनों वाटर कूलर बिल्कुल सही अवस्था में हैं। लेकिन समिति प्रबंधन से जुड़े लोगों ने दोनों वाटर कूलरों को ताले में बंद करके रख दिया है। स्थानीय जनों का कहना है कि पारायण समिति में अब पहले जैसे जिम्मेदार व गंभीर व्यक्ति नहीं बचे हैं जो आगे की सोच के साथ कार्य कर सकें। जो सामान जनहितार्थ दान में दिया गया है उसे चैनल के अंदर बंद करके रखना कहां तक उचित है। जबकि भीषण गर्मी में लोग आसपास की दुकानों में पानी पीने जा रहे हैं।

### शुरू हुई कथा

पारायण समिमि में 10 मई से कथा भी आरंभ हो गई है। कथा के व्यवस्थापक कथा श्रवण करने आने वालों के लिए पानी की कैंपरों की व्यवस्था कर रहे हैं। अगर उक्त दोनों वाटर कूलर आमजनों के लिए ताले से बाहर निकालकर शुरू करवा दिए जाएं तो श्रृद्धालुओं के साथ ही सड़क पर प्यासे चलने वालों को भी बड़ा सहारा मिल जाएगा।

## रोजाना बढ़ रहा जिले का तापमान, रात के साथ दिन में भी चल रही लू

# अब प्रचंड वेग दिखाने लगे सूर्यदेव, अभी डेढ़ माह रहेंगे ऐसे ही हालात, 42.5 डिग्री पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



अप्रैल माह की शुरूआत में मानसून सामान्य अवस्था में था, लेकिन मई के आरंभ में सूर्य देव अपने प्रचंड वेग दिखाने लगे हैं। आलम यह है कि जिले का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री तक पहुंच चुका है। जिस हिसाब से प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, उस लिहाज से मई के अंत में पारा 46 डिग्री तक पहुंचने के कयास लगाए जा रहे हैं।

दिन में चल रही लू की लपटों के कारण लोगों ने घरों से बाहर तक निकलना छोड़ दिया है। वहीं आवष्यक काम से बाहर निकलने वाले लोग अब रूमाल और गमछे से किसी तरह अपने आप को गर्मी से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि बच्चों को इस मौसम में बाहर न निकालें इसके साथ ही थोड़े-थोड़े समय में पानी और तरल पदार्थ लेते रहें। जैसे-जैसे धूप बढ़ रही है वैसे-वैसे तीव्र तपिश से भरी लपटों के कारण लू का भी खतरा अब शुरू हो चुकी है। चिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि गर्मी से अचानक कूलर या एसी में न आएं। खासकर बच्चों के लिए तो यह बेहद नुकसान दायक है। लू की लपटें बच्चों के साथ ही बड़ों को भी अपनी चपेट में ले सकती हैं। शहर में दो तीन व्यक्तियों को लू लगने के समाचार हैं।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान**
(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | अधि. |
|---|---|
| 03 मई | 41.0 |
| 04 मई | 41.2 |
| 05 मई | 42.4 |
| 06 मई | 42.6 |
| 07 मई | 44.0 |
| 08 मई | 44.0 |
| 09 मई | 44.0 |

### लू से बचने के लिए उपाय

- गर्मी से अचानक पंखे, कूलर, एसी में न आएं।
- ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लें।
- गर्मी से आकर एकदम ठंडा पानी न पिएं।
- घर से निकलने पर गमछा, रूमाल मुंह, सिर पर लपेटें।
- अनावश्यक धूप में न निकलें।
- लू लगने पर चिकित्सकीय सलाह पर उपचार लें।